दिन– रविवार    दिनांक– 06 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।    अवधि – 15 मिनट

---

01. बाढ के कारण फसल को हुए नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति का आवेदन आज से। कृषि विभाग ने दो सौ करोड़ रुपये की राशि का किया प्रावधान।

02. प्रदेश के कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर। बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सीतामढ़ी और दरभंगा के कई नए इलाके बाढ की चपेट में।

03. एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्वी चम्पारण जिले के घोड़ासहन में रेलवे ट्रैक पर बम रखकर ट्रेन को दुर्घटना ग्रस्त करने की साजिश के मामले में छह दोषियों को जेल की सजा सुनाई।

04. और, सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए बालिकाओं का विशेष टीकाकरण अभियान आज से  हो रहा है शुरू।

अब समाचार विस्तार से.........

---

राज्य में बाढ प्रभावित जिलों में फसल क्षतिपूर्ति के लिए कृषि विभाग आज से पहले चरण के लिए आवेदन ले रहा है। कृषि विभाग के अनुसार इसके लिए दो सौ करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। किसानों को तैंतीस प्रतिशत से अधिक फसल क्षति पर अनुदान राशि मिलेगी। इसमें सिंचिंत क्षेत्र के किसानों को प्रति हेक्टेयर सत्रह हजार और असिंचिंत क्षेत्र में पचासी सौ रूपये की राशि मिलेगी। विभाग ने कहा है कि पोर्टल पर आए हुए आवेदनों की जांच कृषि समन्वयक करेंगे। दूसरे चरण में गंगा और कोसी सहित अन्य नदियों में बाढ से हुयी फसल क्षति के आवेदन लिए जायेंगे।

---

प्रदेश के कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सीतामढ़ी और दरभंगा जिले के कई नए इलाके बाढ की चपेट में आ गये हैं। लखनदेई नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी होने से सीतामढ़ी जिले के बथनाहा, डुमरा और रून्नीसैदपुर प्रखंडों के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। इधर, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हुयी बारिश के

बाद कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में भी बढ़ोतरी की आशंका बन गयी है। नेपाल के कोसी बराह क्षेत्र से पानी छोड़े जाने के बाद भागलपुर जिले में भी बाढ़ का खतरा एक बार बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अभियंताओं और कर्मियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं। इधर, शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड में बागमती नदी का कटाव जारी है। सुपौल, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चम्पारण समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री सह सहरसा के प्रभारी मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कल जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बाढ़ प्रभावित प्रखंड बेलसंड और रून्नीसैदपुर में बाढ़ की स्थिति में धीरे धीरे सुधार हो रहा है। लोगों के घरों से पानी निकल रहा है। ऊंचे स्थानों पर शरण लिये लोग अपने घरों को लौट रहे हैं। हालांकि बड़ी संख्या में बाढ़ प्रभावित लोग अब भी खुले में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से मदद मांगी है।

———वॉक्सपॉप———

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को ऑन लाइन हाजिरी बनाने से छूट दी है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि इस आशय का आदेश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जिलों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों के शिक्षकों को ऑन लाइन उपस्थिति दर्ज करने के मामले में अंतिम निर्णय जिला शिक्षा पदाधिकारी लेंगे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बिहार के छिहत्तर लाख अठारह हजार सात सौ चौरासी किसानों के बैंक खाते में एक हजार पांच सौ बावन करोड़

रूपये की राशि अंतरित की गयी है। किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रत्येक साल लाभार्थी किसानों के बैंक खाते में दो– दो हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में दी जाती है। वंशावली के आधार पर भी इस योजना का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। इधर, राज्य के किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है।

–––वॉक्सपॉप–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि एनडीए राज्य में अगले विधानसभा चुनाव में दो सौ बीस सीटों पर जीत दर्ज करेगी। जदयू की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे लोग सिर्फ बयानबाजी कर रहे हैं। उन्हें विकास से कोई मतलब नहीं है। श्री कुमार ने कहा कि पिछले चार वर्षों में चौबीस लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वहीं, समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार से नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग की है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग ने भारतीय वन सेवा के कई अधिकारियों का तबादला किया है। हेमंत पाटिल को संजय गांधी जैविक उद्यान का नया निदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर प्रभात कुमार गुप्ता को तैनात किया गया है। सत्यजीत कुमार को पटना के वन्य प्राणी अंचल का वन संरक्षक बनाया गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा 2024 के पेपर लीक मामले में तीसरा आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। पटना स्थित विशेष कोर्ट में दाखिल आरोपपत्र में इक्कीस लोगों को आरोपित किया गया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व उन्नीस लोगों के खिलाफ सीबीआई इस मामले में आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बालिकाओं को गर्भाशय के मुख के कैंसर से बचाने के लिए आज से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय

कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय आज पटना स्थित आईजीआईएमएस में आयोजित एक समारोह में मुफ्त एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इसके तहत नौ से चौदह वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को टीके लगाए जायेंगे। राज्य में लगभग एक करोड़ बच्चियों के टीकाकरण का लक्ष्य राज्य सरकार ने रखा है।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज माँ दुर्गा के कुष्माण्डा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

———म्यूजिक———

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

———म्यूजिक———

———————————————————————

पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्वी चम्पारण जिले के घोड़ासहन में रेलवे ट्रैक पर बम रखकर ट्रेन को दुर्घटना ग्रस्त करने की  साजिश के मामले में छह लोगों को सजा सुनाई है। अदालत ने मोतिहारी के मोतीलाल पासवान, गेजन्द्र शर्मा और उमाशंकर पटेल को बारह—बारह साल और रंजय साह, मुकेश यादव तथा राकेश कुमार यादव को नौ—नौ साल की सजा दी है। गौरतलब है कि तर्लीस सितंबर दो हजार सोलह को नेपाल सीमा से सटे घोड़ासहन रेलवे स्टेशन के पास आइईडी प्लांट किया गया था।

———————————————————————

इधर, पटना स्थित केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई की विशेष अदालत ने यूको बैंक के एक सहायक को जालसाजी और बैंक का पैसा गबन करने के मामले में सात साल कैद और तीन लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अररिया जिले की एक स्थानीय अदालत ने आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी मोहम्मद इम्तियाज को तीन साल के सश्रम कारावास के साथ पांच हजार रुपए  अर्थदंछ की सजा सुनाई है।

———————————————————————

कैमूर जिले के पांच नगर निकायों के लिए चार करोड़ चौंतीस लाख रूपये की राशि की स्वीकृति कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति ने दी है। नगर विकास और आवास मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री नितिन नवीन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत राशि की स्वीकृति दी है।

————————————————————————

पटना जिले के दानापुर में बिहार रेजीमेंट के डुंग–डुंग हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान पर आर्मी ब्वायज स्पोर्ट्स कंपनी ने छोटानागपुर पठार टीम को शून्य के मुकाबले दो गोल से पराजित कर दिया। मैच में नितेश शर्मा ने दो गोल किए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार पी मणिकांता को मिला।

————————————————————————

राज्य में डेंगू के नए मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ पचहत्तर नये मरीजों की पुष्टि हुयी है। पटना में रिकॉर्ड एक सौ दो मरीज मिले हैं। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि एनएमसीएच में डेंगू के मरीजों के लिए पचास बेड रिजर्व रखे गये हैं। श्री सिंह ने कहा कि त्योहार के मौसम में बाहर से आने वाले मरीजों का पूरा ब्योरा रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में इस बीमारी का प्रकोप अधिक है। जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

अररिया नगर थाना पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को अवैध ढंग से भारतीय पासपोर्ट बनवाते हुए गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – बिहार के छिहत्तर लाख किसानों के खातों में भेजे गए पीएम किसान सम्मान निधि के एक हजार पांच सौ बावन करोड़ रूपये।

दैनिक भास्कर ने एनआईए के डीएसपी के घुस मांगने और गिरफ्तार होने को बड़ी खबर बनाया है।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – अगले वर्ष विधानसभा चुनाव में दो सौ बीस से अधिक सीटों पर एनडीए को मिलेगी जीत।

प्रभात खबर ने शिक्षा विभाग की एक खबर पर शीर्षक दिया है – बीपीएससी शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाने पर रोक।

आज अखबार की सुर्खी है – हरियाणा में कांग्रेस, जम्मू कश्मीर में हंग असेम्बली का अनुमान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. बाढ के कारण फसल को हुए नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति का आवेदन आज से। कृषि विभाग ने दो सौ करोड़ रुपये की राशि का किया प्रावधान।

02. प्रदेश के कुछ जिलों में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर। बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सीतामढ़ी और दरभंगा के कई नए इलाके बाढ की चपेट में।

03. एनआईए की विशेष अदालत ने पूर्वी चम्पारण जिले के घोड़ासहन में रेलवे ट्रैक पर बम रखकर ट्रेन को दुर्घटना ग्रस्त करने की साजिश के मामले में छह दोषियों को जेल की सजा सुनाई।

04. और, और, सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए बालिकाओं का विशेष टीकाकरण अभियान आज से हो रहा है शुरू।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।